# KRISHI VIGYAN KENDRA, Panti, Ambedkar Nagar

Directorate of Extension
Acharya Narendra Deva University of Agriculture & Technology, Kumarganj, Ayodhya-224 229 (U.P.), India

## Monthly Progress Report January, 2026












| A. TRAINING PROGRAMME | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **S. No** | **Date** | **Topic** | **Objective** | **About the Event** | **Place &On/ Off Campus** | **Participants** | | | |
| | | | | | | **Others** | | **SC/ST** | | **Total** |
| | | | | | | **M** | **F** | **M** | **F** | |
| | **Seasonal Training for Practicing farmers & Farm Women (Subject wise)** | | | | | | | | | |
| 1. | 2-3/12/25 | Sarson ki kheti mein kharpatwar ka niyantran | To prevents resource depletion and ensures the crop has adequate access to these inputs. | To improve the growth and yield of mustard, timely and proper control of weeds is indispensable. | **On Campus,** KVK Panti, Ambedkar Nagar | - | - | - | - | 130 |
| 2. | 17-18/12/2025 | Sarson mein kharpatwar Niyantran | To prevents resource depletion and ensures the crop has adequate access to these inputs. | To improve the growth and yield of mustard, timely and proper control of weeds is indispensable. | **On Campus,** KVK Panti, Ambedkar Nagar | - | - | - | - | 100 |
| 3. | 19-20/12/25 | Sarson ki fasal mein sinchayi evan ekikrit posan tatvo ka prayog | To provide adequate and timely moisture to the crop, which is essential for healthy growth and development. | Integrated nutrition in mustard cultivation is to maximize seed yield | **On Campus,** KVK Panti, Ambedkar Nagar | - | - | - | - | 150 |
| 4. | 23/12/25 | Jaivik khad ka utpadan evam prayog | To increase soil fertility, reduce chemical dependency, save the environment, improve water holding capacity, and increase farmers' income | To ensure sustainable agriculture and healthy food production, which promotes soil micro-organisms. | **On Campus,** KVK Panti, Ambedkar Nagar | 6 | - | 10 | 3 | 19 |
| 5. | 19/12/25 | Sabjjio mein rog evam rasayano ka prayog | To reduce crop losses caused by pests and diseases, which helps to increase the quantity of vegetables produced, contributing to food security. | Herbicides are used to control undesirable vegetation that competes with vegetable crops for nutrients, water, and sunlight. | **Off Campus, Vill-** Patauna, **Block-** Katehari**, Dist-** Ambedkar Nagar | 2 | 7 | 5 | 12 | 26 |
| 6. | 05/01/26 | Falon evam sabjjion ka sanrakshan | To prevent spoilage, extend their shelf life, and enjoy them year-round, involving methods such as drying, canning, fermentation, and freezing. | It is important to use clean ingredients and equipment, protect them from sunlight and pests, and maintain the correct temperature to preserve nutrients and flavor. | **On Campus,** KVK Panti, Ambedkar Nagar | 7 | 5 | 8 | 3 | 23 |
| 7. | 09/01/26 | Poultry rearing and it’s management | To focusing on clean, well-ventilated shelters, balanced | To select healthy breeds, maintaining temperature/humidity, | **On Campus,** KVK | 13 | 7 | 8 | 2 | 30 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | nutrition, controlled brooding, disease prevention,. | ensuring fresh water, and controlling overcrowding to ensure bird welfare and high yield. | Panti, Ambedkar Nagar | | | | | |
| | 12/01/26 | Sabjjio mein rog evam rasayano ka prayog | To reduce crop losses caused by pests and diseases, which helps to increase the quantity of vegetables produced, contributing to food security. | Herbicides are used to control undesirable vegetation that competes with vegetable crops for nutrients, water, and sunlight. | **Off Campus, Vill-** Meerpur **Block-** Akbarpur**, Dist-** Ambedkar Nagar | 8 | 2 | 7 | 4 | 21 |
| | | **Total** | | | | | | | | |
| **Vocational Training/Training for Youths (Subject wise)** | | | | | | | | | | |
| 1. | 28/1125 -3/12/25 | Goat Rearing and Management | To enhance the living standard of farmers and rural youths through goat enterprises | Approximately fifty participant including youth farmers and women farmers gain knowledge about goat rearing. | KVK Panti, Ambedkar Nagar | 17 | 6 | 10 | 7 | 40 |
| 2. | 8/12/25-12/12/25 | Tilhan Utpadan Takniki | To increase the domestic production of oilseeds | To achieve self-sufficiency in edible oils and improve the economic condition of farmers involved in their cultivation. | KVK Panti, Ambedkar Nagar | | | | | |
| 3. | 1-3/12/25 | Fasal awashesh prabandhan | To promote sustainable farming by preventing stubble burning to control air pollution and nutrient loss, while simultaneously enhancing soil health. | Reduce costs (fuel, fertilizers) and create new income streams from residue utilization, supporting farmer livelihoods. | KVK Panti, Ambedkar Nagar | 2 | 2 | 7 | 9 | 20 |
| 4. | 11-12/12/25 | Falon evam sabjjio ka sanrakshan | Preventing the growth of bacteria, mold, and yeast by controlling humidity, air, and temperature. | Maintain the nutritional value, reduce food wastage, ensure nutritious food throughout the year irrespective of seasonal availability, and promote the food & vegetable industry | KVK Panti, Ambedkar Nagar | 5 | 1 | 7 | 7 | 20 |
| | | **Total** | | | | | | | | |
| **Training for Extension Functionaries (Subject wise)** | | | | | | | | | | |
| 1. | 16/12/25 | Til,kusum evam soyabean ki unnat kheti | Tilhan utpadan me takniki gyan | Janpad ke khad beej evam urvarak vikretao ka prashishan pathshala | Krishi Bhawan Ambedkar Nagar | 35 | 1 | 4 | - | 40 |
| 2. | 29/01/26 to 30/01/26 | Posan thali ka mahatav & Pervandhan | To ensure a balanced diet to provide the body with essential nutrients, energy and disease prevention. | It reduces the risk of lifestyle diseases like obesity, diabetes, heart disease and some cancers. | KVK Panti, Ambedkar Nagar | 7 | 1 | 8 | 4 | 20 |

| | | Total | | | | 35 | 1 | 4 | - | 40 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**A. DEMONSTRATIONS & OFT**

| Sl. No | Technology | Area(ha) | Others | SC/ST | Total | Activity/ operation done in the month |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **FLD /CFLD (Subject wise) Ongoing** | | | | | | |
| 1 | FLD-Wheat (HD-3237) | 6 | 23 | 11 | 34 | November(ongoing) |
| 2 | CFLD-Mustard | 50 | 90 | 40 | 130 | Weed Management, Irrigation of mustard crop, Nutrient Management(ongoing) |
| **On Farm Testing (Subject wise) Ongoing** | | | | | | |
| 1 | Management of late blight of potato(*Phythophthora infestanse*) | 1.0 ha | 7 | 3 | 10 | November, Folier spray of Fungicide (ongoing) |

**B. OTHER ACTIVITIES**

| S. No. | Date | Place | Organizer | Topic | Objective | About the Event | No. of participants | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Others | | SC/ST | | |
| | | | | | | | M | F | M | F | |
| 1 | 28/11/25 | Akbarpur, Ambedkar Nagar | Department of agriculture, Ambedkar Nagar | Janpad stariya career mela | Janpad stariya career mela | Janpad stariya career mela | - | - | - | - | 1000 |
| 2 | 08/12/25 | NIC, Ambedkar Nagar | Department of agriculture, Ambedkar Nagar | MasterTrainers Training Programme | Financial year 2025-2026 village level goshthi/Kisan Pathshala during rabi season | Goshthi/Kisan Pathshala during rabi season | - | - | - | - | 300 |
| 3 | 4-7/12/25 | Sravan Kshetra,katehari | Department of agriculture, Ambedkar Nagar | Kisan Mahotsav | Naveentam takniki ka prachar prasar | To provide knowledge to farmers about the modern techniques in agriculture. | - | - | - | - | 680 |
| 4. | 5/12/25 | KVK Ambedkar Nagar | KVK Ambedkar Nagar | World Soil Day | Kisak Goshthi | Create awareness in farmers for healthy soil. | - | - | - | - | 30 |
| 5. | 10/12/25 | Department of agriculture, Ambedkar Nagar | Department of agriculture, Ambedkar Nagar | The million farmers schools | The meeting regarding the million farmers schools | Discussed about the planning and executing goals of million farmers schools. | - | - | - | - | 150 |
| 6 | 7-14/12/25 | KVK Ambedkar Nagar | KVK Ambedkar Nagar | Swachhata pakhwada | Cleaniness programme in KVK capmus | Organize various activities under swachhata pakhwada week | - | - | - | - | 132 |
| 7 | 14/12/25 | Akbarpur, ambedkar Nagar | Bindeshwari Mahavidhyalaya | One day Kisan Mela & Kisan Goshthi | Display of KVK panti Stall at Kisan Mela | Farmer scientist Interaction in Kisan Goshthi | - | - | - | - | 400 |
| 8 | 15/12/25 | Akbarpur, ambedkar Nagar | Department of agriculture, Ambedkar | Dalhan evam tilhan fasalon mein samanvit kit rog | 14- week farmers field schools training | Dalhan evam tilhan fasalon mein samanvit kit rog prabhandhan training | - | - | - | - | 40 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Nagar | prabhandhan | | | | | | | |
| **9** | 17/12/25 | Krishi Bhawan Ambedkar Nagar | DD Ag,. Ambedkar Nagar | Kisan Diwas Gosthi | To resolve the problems of farmers | Discussed about the sowing of rabi season crops | - | - | - | - | 150 |
| **10** | 18/12/25 | Vill-Pyarepur,Tanda block | Akashvani, Ayodhya | Farmers -scientist Interaction | To resolve the problems of farmers | To resolve the problems of farmers | - | - | - | - | 200 |
| **11** | 22/12/25 | Vill-Napura, Tanda block | DD Ag,. Ambedkar Nagar | The million farmers schools | Regarding the million farmers schools | Training under million farmers schools | - | - | - | - | 150 |
| **12** | 22/12/25 | KVK Ambedkar Nagar | KVK Ambedkar Nagar | Swachh Bharat Mission | Various activities performed under Swachh Bharat Mission | Cleanliness awareness programme among the farmers | - | - | - | - | 30 |
| **13** | 23/12/25 | KVK Ambedkar Nagar | KVK Ambedkar Nagar | Kisan Samman Diwas | Kisak Goshthi | Certificate distribution to progressive farmers | - | - | - | - | 60 |
| **14** | 23/12/25 | Lohia Bhawan, Ambedkar Nagar | Krishi Vibhag, Ambedkar Nagar | Kisan Samman Diwas | Kisan Goshthi | Certificate distribution to progressive farmers | - | - | - | - | 680 |
| **15** | 01/01/26 | ANDUAT, Kumarganj | KVK Ambedkar Nagar | New Year Celebration | Grand meeting event of New year at VC sir Residence | New Year Celebration &Grand meeting event at VC sir Residence | 7 | - | 2 | 2 | 11 |
| **16** | 02/01/26 | Block-Bhiyaon, Ambedkar Nagar | KVK Ambedkar Nagar | Kisan Gosthi | Delivered a short lecture on animal husbandary | animal husbandry & it's take care during winter season | - | - | - | - | 70 |
| **171** | 03/01/26 | Block-Jabalpur, Ambedkar Nagar | KVK Ambedkar Nagar | Kisan Gosthi | Delivered a short lecture on animal production | animal production & different stages of life cycle | - | - | - | - | 80 |
| **18** | 03/01/26 | Block-Katehari | KVK Ambedkar Nagar | Kisan Gosthi | Spread the awareness among labourers | about new provision of 125 days employment guarantee under G Ram G Plan | - | - | - | - | 40 |
| **19** | 04/01/26 | KVK Ambedkar Nagar | KVK Ambedkar Nagar | Kisan Gosthi | Vikshit Bharat G Ram G | Bill me 125 days rojgar ki gaurantee | - | - | - | - | 30 |
| **20** | 06-09/01/26 | Director Extension ANDUAT, Kumarganj ,Ayodhya | Director Extension ANDUAT, Kumarganj, Ayodhya | 4 Days Training Programme | Video Editing and ICT Skill for effective technology transfer | Training Programme on Video Editing and ICT Skill for effective technology transfer | - | - | - | - | 34 |
| **21** | 08-09/01/26 | Block-Janhagirganj,Ambedkar Nagar | Agricultural Extention (ATMA) yojnantargat | Agricultural Extention (ATMA) yojnantargat year 2025-26 | Delivered a short lecture on animal production | Animal Husbandary and its different aspect | - | - | - | - | 25 |
| | **Total** | | | | | | | | | | |

**a) Organization/Participation in Kisan Gosthis/Mela/ Field Day etc. by KVK/Other Deptt.**

**b) Visit to Farmers Field** (Subject wise)

| S. No. | Date | Village | No. of field visited | Purpose | Objective | About the Event | Number of Participants | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Others | | SC/ST | | Total |
| | | | | | | | M | F | M | F | |
| 1 | 10.12.25 | Manshapur | 4 | To suggest the farmers about animal's take care during winter. | Farmers should adopt preventive steps like gunny bags for cold waves/enhance the concentrate during winter season to prevent chilling. | Approx. Twenty seven farmers participated | 10 | 6 | 7 | 4 | 27 |
| 2 | 15/12/25 | Meerpur | 3 | To observe the farmers routine practices for milking. | Farmers were issued advisory about clean and complete milking; full hand milking should be preferred. | About thirty farmers get awareness about manual milking and proper techniques for milking dairy animals. | 11 | 5 | 11 | 3 | 30 |
| 3 | 1/12/25 | Bhiti | 10 | CFLD farmers field visits | Tihan fasalon ki unnat kheti par jagruk karna | Tihan fasalon ki unnat kheti par jagruk karna | 12 | 2 | 6 | - | 20 |
| 4 | 27/12/25 | Katehari | 8 | CFLD farmers field visits | Tihan fasalon ki unnat kheti par jagruk karna | Tihan fasalon ki unnat kheti par jagruk karna | 8 | 1 | 10 | 1 | 20 |
| 5. | 18/12/25 | Varora, tanda | 2 | Flower drop of pigeon pea crop | To prevent the flower drop by spraying of PGRs(Plant Growth Regulator) | To prevent the flower drop by spraying of PGRs(Plant Growth Regulator) | 7 | 1 | 4 | - | 12 |
| 6. | 8/12/25 | Bhiti | 3 | Potatoes and Mustard field Visits | Potatoes and Mustard field Visits | Potatoes and Mustard field Visits | 9 | 1 | 5 | 1 | 16 |
| 7. | 12/01/26 | Katehari | 1 | Poultry farm unit visit | Poultry farm unit visit | Poultry farm unit visit | 1 | - | 4 | 2 | 7 |
| 8. | 13/01/25 | Bhaskari | 1 | Immature fruit Drop of papaya | To prevent the fruit drop given advisory | To prevent the fruit drop given advisory | 2 | - | 1 | - | 3 |
| 9. | 15/01/26 | Akbarpur | 4 | Aphid attack on Mustard crop | To suggest the insecticides | To suggest the insecticides | 13 | 3 | 6 | 1 | 23 |
| | **Total** | | | | | | | | | | |

**Mobile Agro-Advisory provided to farmers (Subject wise):**

1. No. of Agro-Advisories issued-
   1. 11, (Agrl. Exten.)
   2. 18, (Horticulture)
   3. 35, (Plant pathology)
   4. 17, (Animal Science)
   5. 14, (Agronomy)
2. No. of Recipient farmers-
   1.25,

**2**.40,
**3**.35,
**4.**43,
**5.**09

**c) Distribution of seeds/ seedlings/ saplings (Subject wise) :**

| S.No. | Crop | No./ Quantity | Source | No of beneficiaries | Mode of distribution |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Wheat | 2 Quintal | Farm Produced | 10(20kg/farmers) | Training |
| 2. | Mustard1 | 12-5 Quintal | Sulphur distribution | 130(50ha area) | Training |

**d) News Paper Coverage(Subject wise)**

| S.No. | Date | Name of News Paper | Subject |
|---|---|---|---|
| 1. | 08/11/25 | लोक भारती , अंबेडकर नगर | पांच दिवसीय व्यवसायिक परीक्षण में कृ ष वैज्ञानिकों ने कसानों को दी टिप्स |
| 2. | 10/11/25 | अवधी खबर , अंबेडकर नगर | बकरी पालन कृषकों की आय वृद्‌ ध में एक महत्वपूर्ण उद्‌यम:डॉ प्रशांत कुमार |
| 3. | 04/12/25 | दैनिक जागरण, अंबेडकर नगर | उत्पादन बढ़ाने को खर - पतवार नियंत्रण आवश्यक:डॉ शवम कुमार |
| 4. | 05/12/25 | हिंदुस्तान न्यूज़ पेपर , अंबेडकर नगर | कृ ष वज्ञान केंद्र पांती में संपन्न हुआ वश्व मृदा दिवस |
| 5. | 05/12/25 | हिंदुस्तान न्यूज़ पेपर , अंबेडकर नगर | श्रवण धाम में चार दिनी कसान मेल शुरू |
| 6. | 05/12/25 | अमर उजाला, अम्बेडकर नगर | सीड पार्क से 5 लाख कसानों की राह होगी आसान |
| 7. | 05/12/25 | सच आप तक ,अंबेडकर नगर | कृ ष वज्ञान केंद्र पांती में सम्पन्न हुआ वश्व मृदा दिवस |
| 8. | 06/12/25 | अवधी खबर , अंबेडकर नगर | कृ ष वज्ञान केंद्र में मनाया गया वश्व मृदा दिवस |
| 9. | 17/12/25 | दैनिक जागरण, अंबेडकर नगर | कोहरे में आलू की फसल में झुलसा का खतरा |
| 10. | 08/01/26 | हिंदुस्तान न्यूज़ पेपर , अंबेडकर नगर | सोशल मी डया के जरिए कसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक |
| 11. | 08/01/26 | दैनिक जागरण, अंबेडकर नगर | सोशल मी डया के जरिए कसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक |
| 12. | 08/01/26 | स्वतंत्र भारत,अंबेडकर नगर | सोशल मी डया के जरिए कसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक |
| 13. | 08/01/26 | संवाद,अंबेडकर नगर | सोशल मी डया के जरिए कसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक |
| 14. | 08/01/26 | अमर भारती, अंबेडकर नगर | सोशल मी डया के जरिए कसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक |
| 15. | 16/01/26 | दैनिक जागरण, अंबेडकर नगर | रात के तापमान में गरावटए फसल पर पाला का खतरा |

**e) Radio/T.V. Talk :**

| S.No. | Date of Recording/ Broadcasting | Radio Station/TV Channel | Subject with brief content |
|---|---|---|---|
| **1.** | 18.12.2025/20.12.25 | Akashwani Ayodhya | Rbi ki faslon mein kharpatwar ka prabandhan |
| | | | |

**f) Seminar/Workshop/Conference/Training courses attended** (Subject wise)

| S.No. | Subject | Date and Duration | Organizing Body & Scientists Attended |
|---|---|---|---|
| | **Nil** | | |

**g) Contact with Officials of line department/NGOs** (Subject wise):

| S. No. | Date | Name of the department | Contact official | Purpose | Contact by |
|---|---|---|---|---|---|
| | **Nil** | | | | |

**h) Visit to Research Centre of ICAR/DARE/Uni. Etc** (Subject wise)

| S.No. | Date | Name of Research Centre | Contact officials and purpose |
|---|---|---|---|
| | **Nil** | | |

**i) Diagnostic Service** (Subject wise)

| S.No. | Date | Subject | Place | About the Event | Number of Participants | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | SC/ST | | Others | | Total |
| | | | | | M | F | M | F | |
| 1. | 12/12/25 | Plant Pathology | Baskhari | Immature drop of papaya | 8 | 2 | 4 | 3 | 17 |
| 2. | 15/12/25 | Plant Pathology | Akbarpur | Aphid attack on Mustard crop | 13 | - | 9 | - | 22 |
| 3. | 24/12/25 | Plant Pathology | Katehari | Late blight of potato | 8 | 4 | 6 | 5 | 23 |
| 4. | 03/12/25 | Agril. Exten. | Pipri | Kitchen garden visit | 12 | 3 | 12 | 6 | 33 |
| 5. | 16/01/26 | Agril. Exten | Kisunpur | Kitchen garden visit | 7 | 3 | 5 | 4 | 19 |
| | **Total** | | | | | | | | |

**j) Publications** (Agriculture Extention) -

| S. No | Type of Publication | Full details (title, Journal vol. page no etc.) |
|---|---|---|
| 1. | Artical | गेंहू की फसल में एकीकृत पोषण तत्व का प्रबंधन (एम। ए . सी .,कृषि जागरण ) ISSN 2455-1074 |

**k) Farm Activities**

| Sl. No. | Name of Crop | Area | Varieties | Season | Yield Q/ha | Total Production |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Musturd | 2.0 beegha | RH-725 | 2024-25 | 7.0 q./ha | 3.52 Q |
| 2. | Wheat | 2.5 ha | HD-2967 | 2024-25 | 16.0 q./ha | 40.0 Q. |
| 3. | Paddy | 2.5 ha | NDR-2064 | 2023-24 | 20.0 q./ha | 50.0 Q |

**l) Revolving Funds**

| Sl. No. | Year | Opening Balance | Expenditure | Closing Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-2025 | Rs.355442.64 | Rs.2637901.00 | Rs.555874.64 |

**m) Mention the Expenditure**

**1- Labor - Rs. 116582.00**

**2- Critical Inputs - (Malsampurti )– Rs. 105144.00**

3- Repairs of farms equipments - NIL

4- Purchase of new implements - NIL

5- Other expenditure - (POL) – Rs.42073.00

n) **Good Quality action photographs** (up to 10) –





**KVK Ambedkar Nagar Stall visit in Kisan Mahotsav at Shravan kshetra Dham Ambedkar Nagar district**




**Certificate distribution by Hon'ble Director of Extension ANDUAT, Kumarganj, Ayodhya in Kisan Mahotsav at Shravan kshetra Dham Ambedkar Nagar district**









KVK Ambedkar Nagar Campus visit of Hon'ble Director of Extension ANDUAT, Kumarganj, Ayodhya




Certificate distribution to farmers on 23rd December 2025 Kisan Samman Diwas Under SAME



Visit of stall in Kisan Mela at Bindeshwari Mahavidhyalaya akbarpur, Amedkar Nagar




**Field Visits at farmers Fields by Scientists**




**Seed Distribution in Vocational training on at KVK Ambedkar Nagar**




**Training under "The Million Farmers School"**



Gehun ki vaigyanik vidhi se buayi at KVK Ambedkar Nagar




Celebration of soil day on 05 December 2025



Vocational training on Goat Rearing and Management




Vocational training on Sarson ki unnat kheti at KVK Ambedkar Nagar







**Hon'ble VC sir visit at Mahamaya College Of Agricultural Engineering & Technology, Akbarpur, Ambedkar Nagar,**

## News Papers

**महोत्सव** | कृषि विभाग ने लगाए स्टॉल, किसानों को उन्नत खेती व पशुपालन सुझाव के टिप्स दिए गए

# श्रवण धाम में चार दिनी किसान मेला शुरू

**भीटी, संवाददाता।** ऐतिहासिक धाम श्रवण क्षेत्र में गुरुवार से शुरू हुए चार दिवसीय किसान महोत्सव एवं पारम्परिक विराट किसान मेला का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे ने फीता काटकर और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कृषि विभाग के कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत यह मेला सात दिसंबर तक चलेगा। मेले में लगभग एक दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र पांती, जैविक खेती, नई फसल बीजों की किस्में, कृषि यंत्र, पशुपालन, कृषि विभाग व अन्य सम्मिलित हैं। मुख्य अतिथि एमएलसी



मेले में कृषि सखी को सम्मानित करते एमएलसी हरिओम पांडेय।

हरिओम पांडे, विशिष्ट अतिथि कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने कृषि विभाग के लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा बारीकी से संबंधित स्टालों पर प्रदर्शित वस्तुओं की जानकारी प्राप्त की। एमएलसी हरिओम पांडेय के प्रयासों से श्रवण क्षेत्र धाम में अगहन पूर्णिमा पर लगने वाला जनपद के इस प्रथम पारंपरिक मेले के साथ इस वर्ष विराट किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। एमएलसी ने कहा कि आने वाले दो-तीन दिनों में यह किसान मेला किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यमियों और कृषि स्टार्टअप्स के लिए साझा मंच प्रदान करेगा। जनपद के सभी किसान इसका बढ़ चढ़कर लाभ उठाएं। मेले में आधुनिक कृषि मशीनरी, ड्रोन स्प्रे, प्रिसिजन फार्मिंग, डिजिटल खेती, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पर कार्यशालाएं, उन्नत बीज व फसल सुरक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण बनी हुई हैं। इसके साथ ही किसानों का कृषि वैज्ञानिकों से सीधा संवाद, सरकारी योजनाओं की जानकारी, स्टार्टअप्स के लिए नवाचार मंच, पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़ी उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# पराली जलाएं नहीं, खेत में सड़ाने से बढ़ेगी उर्वरा शक्ति



पतौना में पराली की उपयोगिता के बारे जानकारी देते कृषि विज्ञानी डा. शिवम • जागरण

संसू, जागरण • अंबेडकरनगर: कृषि विज्ञान केंद्र पाती के विज्ञानियों के दल ने कटेहरी में भ्रमण कर किसानों को वैज्ञानिक विधि से गेहूं की बोआई के साथ पराली प्रबंधन पर जानकारी दी। अधीक्षक एवं विज्ञानी डा. रामजीत ने किसानों को सुझाव दिया कि प्रति एकड़ आठ किलो यूरिया छिटककर ठूंठों को खेत में पलट दें। यह एक सप्ताह में सड़कर कंपोस्ट खाद बन जाएंगे।

मृदा में जीवाश्म की मात्रा बढ़ने से मृदा उर्वरता में वृद्धि होती है। वहीं, फसल सुरक्षा विज्ञानी डा. शिवम कुमार ने बताया कि पराली जलाने पर पर्यावरण को भारी नुकसान होने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी घट रही है। वजह मिट्टी में सूक्ष्म तत्वों का अभाव हो जा है। मृदा की उर्वरता समाप्त होकर खेत ऊसर हो जाते हैं तथा निकलने वाली जहरीली गैसों से पर्यावरण भी प्रदूषित हो जाता है। धान के खेत में किसान बिना जोताई किए सीधे सुपर सीडर मशीन से लाइन में गेहूं की बोआइं करें। इससे फसल अवशेष खेत में सड़ने से मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ने के साथ ही बीज, खाद एवं पानी की मात्रा कम लगेगी। खाद जो बोआई के समय देंगे, उसका भरपूर लाभ भी पौधों को मिलेगा।

# खर-पतवार नियंत्रण करने से फसलों की बढ़ेगी पैदावार



खर-पतवार नियंत्रण जानकारी देते फसल सुरक्षा विज्ञानी डा. शिवम कुमार • जागरण

संसू, जागरण • अंबेडकरनगर : गेहूं-सरसों फसल में खर-पतवार नियंत्रण से अच्छी पैदावार होने संभावना है। ऐसे में कृषि विज्ञानी इसके नियंत्रण तथा रोगों से बचाव की सलाह देने लगे हैं। अगेती गेहूं में खर-पतवार नाशक दवा छिड़काव का समय है। कृषि विज्ञान केंद्र, पांती के फसल सुरक्षा विज्ञानी डा. शिवम कुमार ने बताया कि गेहूं की फसल में इस समय चौड़ी पत्ती के खर-पतवार ज्यादा उगते हैं। गेहूं की बोआई के उपरांत प्रथम सिंचाई 20-21 दिन के बाद की जानी चाहिए। पतली व दो-तीन पत्ती के खर-पतवार नियंत्रण में सल्फोसल्फ्यूरान 75 प्रतिशत डब्ल्यूजी 33 ग्राम या क्लोडिनाफाप प्रार्गिल 15 प्रतिशत डब्ल्यूपी 400 ग्राम को 250 लीटर पानी में घोल बनाते हुए प्रति हेक्टेयर भूमि पर छिड़काव करें। चौड़ी पत्ती के खर-पतवारों में बथुआ, मकोय, सेंजी, गजरी, कृष्ण नील, खरतुआ एवं चटरी-मटरी, हिरन खर-पतवार प्रबंधन में टू-फोर-डी सोडियम साल्ट 80 प्रतिशत 625 ग्राम प्रति हेक्टेयर या कार्फेंट्राजान इथाइल 40 प्रतिशत डीएफ 50 ग्राम प्रति हेक्टेयर या मेटसल्फ्यूरान मिथाइल 20 प्रतिशत, डब्ल्यूपी 20 ग्राम को 250 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए। फसल विज्ञानी डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि सरसों की फसल में उगने वाले खर-पतवारों का नियंत्रण निराई से करें। रासायनिक खर-पतवार नियंत्रण के लिए पेंडीमेथालीन 30 प्रतिशत ईसी 3.3 लीटर... सल्फेंट्राजोन 39.6 प्रतिशत एससी 0.5 एमएल प्रति लीटर पानी (7.5 एमएल प्रति टंकी) की दर से छिड़काव करें। अन्य किसी प्रकार का रोग फसलों में नजर आए तो वैज्ञानिक से सलाह लें।

www.jagran.com

# उत्पादन बढ़ाने को खर–पतवार नियंत्रण आवश्यक : डा. शिवम



केवीके में प्रगतिशील किसानों को सल्फर उर्वरक देते विज्ञानी डा. शिवम कुमार • जागरण

संसू, जागरण • अंबेडकरनगर: कृषि विज्ञान केंद्र पांती में सरसों खेती खर-पतवार नियंत्रण प्रबंधन पर चल रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हुआ। इसमें शामिल किसानों को सल्फर उर्वरक थैला देकर सम्मानित किया गया।

वैज्ञानिक विधि से तिलहन की खेती के लिए आह्वान किया गया। फसल सुरक्षा विज्ञानी डा.शिवम कुमार ने कहा कि सरसों का अधिक उत्पादन लेना हो तो खर-पतवार नियंत्रण जरूरी है। कारण, ये फसल के साथ पानी, पोषक तत्व, प्रकाश और स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे सरसों की उपज में 25 से 40 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। इन खर-पतवारों की अधिकता विशेष रूप से फसल के 20 से 40 दिन के समय में तेजी से बढ़ती है। सरसों में सल्फर एक अत्यंत आवश्यक तत्व है, वजह यह न केवल तनों तथा पत्तियों के निर्माण में सहायक होता है, बल्कि तेल की मात्रा बढ़ाने, दानों की गुणवत्ता सुधारने और फसल की समग्र वृद्धि में भूमिका निभाता है।

# कोहरे से आलू की फसल में झुलसा रोग का खतरा

संसू, जागरण • अंबेडकरनगर : तापमान में गिरावट कोहरे से आलू की फसल में झुलसा रोग का खतरा बढ़ा है। कोहरा व शीतलहर से चना व मटर की फसल तथा सब्जी की खेती पर खतरा मंडराने लगा है। आलू समेत सब्जी की फसलों झुलसा रोग का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में किसान सतर्क रहें। रोग से बचाव के लिए उपाय करें।

कृषि विज्ञान केंद्र पांती के प्रभारी उद्यान एवं फसल सुरक्षा विज्ञानी डा. शिवम कुमार ने बताया कि हल्का तथा घना कोहरा अगेती आलू, सरसों, चना व मटर की फसलों के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। बचाव को किसान सल्फर 45 ग्राम 15 लीटर पानी में मिलाकर सरसों, चना व मटर में छिड़काव करें। सरसों में फूल के समय तथा दूसरा फलियां बनते समय पर छिड़काव करें। आलू, टमाटर के अलावा सब्जी की फसल पाले से बचाने को खेत के चारों तरफ सुबह-शाम धुआं करें।

**कब और कितनी सिंचाई :** आलू फसल पहली सिंचाई बिजाई के एक सप्ताह बाद करनी चाहिए। हल्की मिट्टी व भारी मिट्टी में पांच से छह व आठ से दस दिन के अंतर पर सिंचाई आवश्यकता होती है।

**झुलसा रोग से बचाव :** झुलसा रोग से बचाव करने के लिए रिडोमिल मैटालैक्जिल 2.5 किलोग्राम एक हजार लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

# सोशल मीडिया के जरिए किसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक : कुलपति

## वीडियो प्रोडक्शन एवं आई.सी.टी. स्किल विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में वीडियो प्रोडक्शन एवं ई.टी.टी. ( इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ) स्किल विषय पर चार दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।कुलपति ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक किसानों के कृषि प्रक्षेत्रों के अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें जिससे कि बड़े पैमाने पर किसानों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि किसान इस प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर तथा विभिन्न कृषि फसलों एवं कृषि उद्यमियों के विशेष समूह बनाकर इनका व्यापक प्रसार कर सकते हैं। इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का उद्देश्य नई तकनीकों और नवाचारों को व्यापक रूप से फैलाने के साथ-साथ उनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना है।निदेशक प्रसार डॉ आर.बी. सिंह ने कहा कि ई.टी.टी का मुख्य उद्देश्य तकनीकी नवाचारों को अपनाकर आर्थिक विकास में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान को साझा करने के लिए वैज्ञानिकों को संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित करने की जरूरत है जिससे अधिक से अधिक जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा सके।इस दौरान विस्तार शिक्षा संस्थान, उत्तरी भारत के प्रशिक्षक समन्वयक डॉ अनिल रोहिला ने कुलपति को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डा. के.एम सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक सहित कृषि विज्ञान केंद्रों के कुल 35 वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया से किसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक

अयोध्या (एसएनबी)। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के प्रसार निदेशालय में वीडियो प्रोडक्शन एवं ईटीटी (इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) स्किल विषयक चार दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक किसानों के कृषि प्रक्षेत्रों के अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें जिससे कि बड़े पैमाने पर किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान इस प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर तथा विभिन्न कृषि फसलों एवं कृषि उद्यमियों के विशेष समूह बनाकर इनका व्यापक प्रसार कर सकते हैं। इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का उद्देश्य नई तकनीकों

**इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का उद्देश्य नवाचारों का प्रसार : कुलपति**

**वीडियो प्रोडक्शन व आईसीटी स्किल विषयक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

और नवाचारों को व्यापक रूप से फैलाने के साथ-साथ उनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना है।

निदेशक प्रसार डॉ. आरबी सिंह ने कहा कि ईटीटी का मुख्य उद्देश्य तकनीकी नवाचारों को अपनाकर आर्थिक विकास में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान को साझा करने के लिए वैज्ञानिकों को संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित करने की जरूरत है जिससे अधिक से अधिक जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा सके। इस दौरान



कृषि वैज्ञानिकों के साथ कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह। फोटो : एसएनबी

विस्तार शिक्षा संस्थान, उत्तरी भारत के प्रशिक्षक समन्वयक डॉ. अनिल रोहिला ने कुलपति को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डॉ. केएम सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक सहित कृषि विज्ञान केंद्रों के कुल 35 वैज्ञानिक मौजूद रहे।

अमर भारती
लखनऊ, गुरुवार, 08 जनवरी 2026
अयोध्या/सुल्तानपुर/बां

# सोशल मीडिया से किसानों को जागरूक करें वैज्ञानिकः कुलपति

**• वीडियो प्रोडक्शन और आई.सी.टी. स्किल विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

अमर भारती ब्यूरो

मिल्कीपुर। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में वीडियो प्रोडक्शन एवं ई.टी.टी. ( इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ) स्किल विषय पर चार दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक किसानों के कृषि प्रक्षेत्रों के अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें जिससे कि बड़े पैमाने पर किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान इस प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर तथा विभिन्न कृषि फसलों एवं कृषि उद्यमियों के विशेष समूह बनाकर इनका व्यापक प्रसार कर सकते हैं। इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का उद्देश्य नई तकनीकों और नवाचारों को व्यापक रूप से फैलाने के साथ-साथ उनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना है।



निदेशक प्रसार डॉ आर.बी. सिंह ने कहा कि ई.टी.टी का मुख्य उद्देश्य तकनीकी नवाचारों को अपनाकर आर्थिक विकास में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान को साझा करने के लिए वैज्ञानिकों को संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित करने की जरूरत है जिससे अधिक से अधिक जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा सके। इस दौरान विस्तार शिक्षा संस्थान, उत्तरी भारत के प्रशिक्षक समन्वयक डॉ अनिल रोहिला ने कुलपति को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डा. के.एम सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक सहित कृषि विज्ञान केंद्रों के कुल 35 वैज्ञानिक मौजूद रहे।

## हार्ट फुलनेस सोसाइटी हैदराबाद विश्वविद्यालय में आयोजित करेगी मेडिटेशन सेशन

अयोध्या (अमर भारती)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं हार्टफुलनेस एजुकेशनल सोसाइटी, हैदराबाद के मध्य हुए एमओयू के तहत आज कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में हार्टफुलनेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षकों एवं छात्रों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हार्टफुलनेस एजुकेशनल सोसाइटी के पदाधिकारियों डॉ. नम्रता सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम फैकल्टी और अधिकारियों के साथ संस्था तीन दिन का मैडिटेशन सेशन आयोजित करेगी, उसके बाद प्रत्येक पंद्रह दिनों में एक-एक सेशन कराया जाएगा। यह सत्र प्रत्येक दिवस में एक घंटे का होगा, प्रथम सत्र में परिचायात्मक संवाद आयोजित होगा, उसके बाद छात्र-छात्राओं के लिए सोसाइटी अलग से सेशन आयोजित करेगी। डॉ. नम्रता के अनुसार इस सत्र में मूल्य-आधारित शिक्षा, तनाव प्रबंधन, ध्यान जैसी गतिविधियों का आयोजन कर छात्रों में आंतरिक संतुलन, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ जीवनशैली में आवश्यक बदलाव शामिल है। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के प्रमुख निर्देशन में हार्टफुलनेस सोसाइटी के साथ एमओयू किया गया है जो शिक्षकों एवं छात्रों के मध्य स्वस्थ वातावरण-निर्माण के साथ व्यक्तित्व निर्माण, सॉफ्ट स्किल एवं ट्रेनिंग प्रदान करेगा। इस अवसर पर हार्टफुलनेस सोसाइटी के पदाधिकारी राम मिलन मिश्र, संयोजक प्रो. एसएस मिश्रा, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सीके मिश्र, प्रो. आशुतोष सिंहा, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. पी के द्विवेदी व अन्य उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया से किसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक

- वीडियो प्रोडक्शन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण
- स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से होगी जांच

कुमारगंज ,संवाददाता। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में वीडियो प्रोडक्शन एवं ईटीटी ( इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ) स्किल विषय पर चार दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने किया। वहीं दूसरी ओर निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

कुलपति ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक किसानों के कृषि प्रक्षेत्रों के अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें जिससे कि बड़े पैमाने पर किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान इस प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर तथा विभिन्न कृषि फसलों एवं कृषि उद्यमियों के विशेष समूह बनाकर इनका व्यापक प्रसार कर सकते हैं। इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का उद्देश्य नई तकनीकों और नवाचारों को व्यापक रूप से फैलाने के साथ-साथ उनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना है।

# किसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक : कुलपति

कुमारगंज। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में वीडियो प्रोडक्शन एवं ईटीटी (इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) स्किल विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक कृषि प्रक्षेत्रों के अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे बड़े पैमाने पर किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा। कुलपति ने कहा कि इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (ईटीटी) का उद्देश्य नई तकनीकों और नवाचारों को व्यापक रूप से फैलाने के साथ-साथ उनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना है। निदेशक प्रसार डॉ. आरबी सिंह ने कहा कि ईटीटी का मुख्य उद्देश्य तकनीकी नवाचारों को अपनाकर आर्थिक विकास में योगदान देना है। इस मौके पर अधिष्ठाता, निदेशक सहित कृषि विज्ञान केंद्रों के कुल 35 वैज्ञानिक मौजूद रहे। (संवाद)

# सोशल मीडिया के जरिए किसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक : कुलपति

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में वीडियो प्रोडक्शन एवं ई.टी.टी. (इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) स्किल विषय पर चार दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक किसानों के कृषि प्रक्षेत्रों के अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें जिससे कि बड़े पैमाने पर किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान इस प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर तथा विभिन्न कृषि



फसलों एवं कृषि उद्यमियों के विशेष समूह बनाकर इनका व्यापक प्रसार कर सकते हैं। इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का उद्देश्य नई तकनीकों और नवाचारों को व्यापक रूप से फैलाने के साथ-साथ उनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना है। निदेशक प्रसार डॉ आर.बी. सिंह ने कहा कि ई.टी.टी का मुख्य उद्देश्य तकनीकी नवाचारों को अपनाकर आर्थिक विकास में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान को साझा करने के लिए वैज्ञानिकों को संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित करने की जरूरत है जिससे अधिक से अधिक जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा सके। इस दौरान विस्तार शिक्षा संस्थान, उत्तरी भारत के प्रशिक्षक समन्वयक डॉ अनिल रोहिला ने कुलपति को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डा. के.एम सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक सहित कृषि विज्ञान केंद्रों के कुल 35 वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# किसानों के प्रक्षेत्र का विजुअल बनाकर सोशल मीडिया पर डालें वैज्ञानिक

**» एनडी युनिवर्सिटी में चार दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण शुरू**

निज संवाददाता

कुमारगंज (अयोध्या)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में मंगलवार से चार दिवसीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण शुरू हुआ।

कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय के विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के सहयोग से शुरू हुए प्रशिक्षण में वीडियो प्रोडक्शन एवं आई सी टी स्किल पर इफेक्टिव टेक्नोलॉजी ट्रांसफर विषय पर प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक किसानों के प्रक्षेत्र के विजुअल बनाएं एवं उनके अनुभवों के बातचीत के वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर डालें, जिससे कृषक समाज को वृहद स्तर पर लाभ मिले।

डॉ सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर वैज्ञानिक प्रभावशाली फोटोग्राफ योजित कर सकते हैं तथा विभिन्न कृषि फसलों व कृषि उद्योगों के उद्यमियों के विशेष समूह बनाकर इनका व्यापक प्रसार कर सकते हैं।

उद्घाटन सत्र में विस्तार शिक्षा संस्थान, उत्तरी भारत के प्रशिक्षक समन्वयक डॉ. अनिल रोहिला ने कुलपति को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में संस्थान के डॉ अजय कुमार, प्रसार निदेशक निदेशालय से कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. के एम सिंह समेत अधिष्ठाता, अधिकारी तथा वैज्ञानिक मौजूद रहे।

**Signature**

**Name**………………………………………

**Designation**...............................................................